आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 26.03.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- भोपाल में हुआ सहकारिता पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ने कहा सहकारिता में बहुजन हिताय की भावना से हो रहा है काम।
- संबल योजना के तहत 28 मार्च को मुख्यमंत्री करेंगे 505 करोड़ रूपये की राशि का वितरण।
- प्रदेश विधानसभा में आज से दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद की हुई शुरूआत।
- मुंबई में होने वाले वेव्स सम्मेलन के लिए मीडिया प्रतिनिधियों का पंजीकरण आज से शुरू।

**सहकारिता**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार सर्वजनकल्याण के संकल्पों के साथ कार्य कर रही है। वर्तमान में पंचायत से लेकर मंत्रालय तक पारदर्शितापूर्ण कार्य शैली के कारण अन्य क्षेत्रों के साथ सहकारी क्षेत्र में समृद्ध हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे उन्होंने कहा कि सहकारिता बहुजन हिताय की भावना से काम हो रहा है।

इस कार्यक्रम को सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सहकारिता क्षेत्र में अग्रणी हो रहा है हाल ही में भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एक नया अध्याय जोड़ा गया जब सीपीपीपी अर्थात को-ऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप का विषय सामने आया।

**मुख्यमंत्री मुरैना**

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने आज मुरैना के एसएएफ ग्राउण्ड में आयोजित रोटरी राहत वृहद स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने ओपीडी व जांच केन्द्रों का भ्रमण कर चिकित्सकों एवं रोटेरियन के सदस्यों से मुलाकात भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुरैना में आंखों के इलाज के लिए फेको मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीब से गरीब मरीजों का इलाज आयुष्मान योजना के माध्यम से हो रहा है आयुष्मान भारत योजना से लोगों को ₹5 लाख तक तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है।

**प्रधानमंत्री-सेपक टाकरा विश्व कप**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के पटना में सेपक **टाकरा** विश्व कप में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले भारतीय दल को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि पुरुषों की रेगु टीम ने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है। श्री मोदी ने सात पदक जीतने पर भारतीय टीम की प्रशंसा की।

**कार्यशाला**

राजभवन में “कर्मयोगी बनें” विषय पर 28 मार्च 2025 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल सुबह 10:30 बजे कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कार्यशाला में शामिल होंगे। कार्यशाला का उद्देश्य प्राचीन ज्ञान और आधुनिक नेतृत्व-विधाओं के साथ संयोजित कर उपयोग करने का प्रशिक्षण देना है।

**संबंल योजना**

संबल योजना के तहत 23 हजार 162 प्रकरणों में 505 करोड़ रूपये की राशि 28 मार्च को हितग्राहियों के खातों में अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंगल क्लिक के माध्यम से यह राशि का अंतरण करेगे कार्यक्रम में श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मंत्री एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है।

**युवा संसद**

मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसरोवर सभागार में आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद' की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग युवाओं सम्बोधित किया। युवा संसद में प्रदेश के 20 नोडल जिलों से 200 प्रतिभागी शामिल हुए। उत्कृष्ट 3 प्रतिभागी नई दिल्ली में विकसित भारत युवा संसद महोत्सव में शामिल होंगे। श्री सारंग ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को सुनिश्चित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

**वेव्स**

1 से 04 मई, तक मुंबई में होने जा रहा विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन - वेव्स के लिए मीडिया प्रतिनिधियों का पंजीकरण आज से शुरू हुआ। इसमें पत्रकारों, फ़ोटोग्राफ़रों, कंटेंट क्रिएटर्स और मीडिया पेशेवरों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। आमंत्रण में कहा गया है कि एक रिपोर्टर, कैमरापर्सन, कंटेंट क्रिएटर या सोशल मीडिया प्रोफेशनल के रूप में यदि आपमें पत्रकारिता और मीडिया से जुड़े क्रियाकलापों का, या कहानियां कहने का जुनून है, तो आप वेव्स 2025 में शामिल होना चाहिए। मीडिया प्रतिनिधि पंजीकरण के लिए 1 जनवरी 2025 तक 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र और किसी मान्यता प्राप्त मीडिया संस्थान में संवाददाता, फ़ोटोग्राफ़र, कैमरापर्सन या डिजिटल कंटेंट क्रिएटर होना चाहिए। इसमें फ्रीलांस पत्रकार भी इसके पंजीकरण के लिए पात्र हैं। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण **app.wavesindia.org/register/media** 15 अप्रैल, 2025 तक किया जा सकता है।

रेल्वे धूम्रपान

भारतीय रेलवे ने यात्रियों और कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में धूम्रपान पर प्रतिबंध किया है। यह कदम रेलवे द्वारा यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद वातावरण प्रदान करने एवं आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए उठाया गया है। वर्ष 2024 में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे परिसर में धुम्रपान करने वाले 8304 व्यक्तियों के विरूद्व कार्रवाई कर 16,35,120 रूपये का जुर्माना वसूला गया।

**बिजली बिल**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र में ईद-उल-फितर और अन्य अवकाश के दिनों में भी बिल भुगतान केन्द्र सामान्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिनों में भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे।

क्रिकेट

आईपीएल टी20 क्रिकेट में गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में अब से कुछ देर बाद राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर पहलेगेंदबाजी .करने का फैसला किया है।

**समाचार संक्षेप**

- आकाशवाणी भोपाल में आज केन्द्र सरकार की युवाओं पर केन्द्रीय योजनाओं पर आधारित युवा भारत कार्यक्रम का समापन समारोह और कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि रहे।
- धार जिला प्रशासन ने जिले में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किए जाने का आदेश जारी किया है।
- शिवपुरी में जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र और शासकीय आई. टी.आई संस्थान द्वारा कल युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
- आगरमालवा जिले में सोलह दिवसीय गणगौर पर्व के दौरान महिलाओं द्वारा गणगौर माता फूल पाती चल समारोह निकाले जा रहे है।
- सागर जिले में अब तक 2 लाख 80 हजार 404 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा चुकी है। वहीं 52 हजार 880 किसानों की रजिस्ट्री होना बाकी है।
- देवास में परिवहन विभाग ने आज एंबुलेंस, बसों एवं टैक्सी की जांच का विशेष अभियान चलाकर नियम विरूद्ध वाहनों से परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई।
- छिंदवाड़ा के एमएलबी स्कूल में कल से 29 मार्च तक लगने वाले पुस्तक मेले के लिए अब तक 27 पुस्तक विक्रेताओं का रजिस्ट्रेशन हो चुका है।
- नर्मदापुरम और हरदा जिले के किसानों के लिए तवा डैम से 27 मार्च से पानी छोड़ा जाएगा। 27 मार्च को हरदा और 1 अप्रैल से नर्मदापुरम जिले को जल आपूर्ति होगी।
- गुना जिले को सीसीटीएनएस क्रियान्वयन में पुलिस मुख्यालय रैंकिग में प्रदेश मे पहला स्थान मिलने पर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने सीसीटीएनएस में पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया
- दिल्ली एवं इंफाल मणिपुर में होने वाली 68 राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता के लिए सीहोर के शासकीय आवासीय खेलकुद संस्थान के दो छात्रों का चयन हुआ है।

..................................